पाठ- 8 रहीम के दोहे

पद्यांश को पढ़कर पूंछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए –

1)

रहिमन धागा प्रेम का, मत तोड़ो चटकाय।
टूटे से फिर ना मिले, मिले गाँठ परि जाय॥
रहिमन निज मन की बिथा, मन ही राखो गोय।
सुनि अठिलैहैं लोग सब, बाँटि न लैहैं कोय॥

i. रहीम जी किसको तोड़ने को मना कर रहे हैं**?**
(क) प्रेम के धागे को
(ख) रिश्तों को
(ग) मिट्टी के बर्तनों को
(घ) इनमे से कोई नहीं
उत्तर: (क) प्रेम के धागे को

ii. रहीम जी अपने मन के दुख को प्रकट करने से क्यों मना कर रहे**?**
(क) क्योंकि लोग दूसरों को बता देगे
(ख) क्योंकि लोग आपका मजाक उड़ाएंगे
(ग) क्योंकि लोग आपके दुख को समझेंगे नहीं
(घ) क्योंकि लोग आपके दुख को बढ़ा देगे
उत्तर: (ख) क्योंकि लोग आपका मजाक उड़ाएंगे

iii. प्रस्तुत पद्यांश में बिथा शब्द का क्या अर्थ है**?**
(क) व्यथा
(ख) बुराई
(ग) दुख
(घ) खुशी
उत्तर: (क) व्यथा

iv. प्रस्तुत पद्यांश में अठिलैहैं शब्द का क्या अर्थ है**?**
(क) बुराई करना
(ख) मजाक उड़ाना
(ग) दुखी होना
(घ) खुश होना
उत्तर: (ख) मजाक उड़ाना

2)

एके साधे सब सधे, सब साधे सब जाय।
रहिमन मूलहिं सींचिबो, फूल फले अघाय।।
धनि रहीम जल पंक को लघु जिय पिअत अघाय।
उदधि बड़ाई कौन है, जगत पिआसो जाय॥

i. रहीम जी के अनुसार किसको सींचने से फूल और फल तृप्त हो जाते हैं।
(क) जड़ को
(ख) पेड़ को
(ग) डाली को
(घ) पत्ती को
उत्तर: (क) जड़ को

ii. प्रस्तुत पद्यांश में रहीम जी जल पंक की तुलना किससे कर रहे हैं**?**
(क) धनी व्यक्ति से
(ख) सागर से
(ग) गरीब व्यक्ति से
(घ) जगत से
उत्तर: (ख) सागर से
iii. प्रस्तुत पद्यांश में पंक शब्द का क्या अर्थ है**?**
(क) तालाब
(ख) कीचड़
(ग) मिट्टी
(घ) नदी
उत्तर: (ख) कीचड़
iv. उदधि किसका पर्यायवाची है**?**
(क) धनी व्यक्ति
(ख) सागर
(ग) गरीब व्यक्ति
(घ) जगत
उत्तर: (ख) सागर
3)
नाद रीझि तन देत मृग, नर धन हेत समेत।
ते रहीम पशु से अधिक, रीझेहु कछू न देत॥
बिगरी बात बने नहीं, लाख करो किन कोय।
रहिमन फाटे दूध को, मथे न माखन होय॥
i. प्रस्तुत पद्यांश में रहीम जी मृग की तुलना किससे कर रहे हैं**?**
(क) पशु से
(ख) रहीम से
(ग) धन
(घ) मनुष्य
उत्तर: (घ) मनुष्य
ii. प्रस्तुत पद्यांश में रहीम जी बात बिगड़ने की तुलना किससे कर रहे हैं**?**
(क) फटा दूध
(ख) मक्खन
(ग) विकल्प क और ख
(घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं
उत्तर: (क) फटा दूध
iii. प्रस्तुत पद्यांश में रीझि शब्द का क्या अर्थ है**?**
(क) हंसना
(ख) गुस्सा होना
(ग) मुस्कुराना
(घ) रोना
उत्तर: (ख) गुस्सा होना
iv. प्रस्तुत पद्यांश में "किन" शब्द का क्या अर्थ है**?**
(क) उपाय
(ख) योजना
(ग) सफलता
(घ) परिश्रम
उत्तर: (क) उपाय

4)
रहिमन देखि बड़ेन को, लघु न दीजिये डारि।
जहाँ काम आवे सुई, कहा करे तरवारि।।
रहिमन निज संपति बिना, कोठ न बिपति सहाय।
बिनु पानी ज्यों जलज को, नहिं रवि सके बचाय
i. प्रस्तुत पद्यांश में रहीम जी सुई की तुलना किससे कर रहे हैं**?**
(क) छोटे लोगों से
(ख) बड़े लोगों से
(ग) तलवार से
(घ) इनमे से कोई नहीं
उत्तर: (ग) तलवार से
ii. प्रस्तुत पद्यांश में रहीम जी अपने धन की तुलना किससे कर रहे हैं**?**
(क) विपत्ति
(ख) कमल
(ग) रवि
(घ) पानी
उत्तर: (ख) कमल
iii. बिपति शब्द का क्या अर्थ है**?**
(क) संपत्ति
(ख) विपत्ति
(ग) दुख
(घ) खुशी
उत्तर: (ख) विपत्ति
iv. प्रस्तुत पद्यांश में डारि शब्द का क्या अर्थ है**?**
(क) अनदेखा करना
(ख) छोटा समझना
(ग) चिंतन करना
(घ) अपमान करना
उत्तर: (क) अनदेखा करना
5)
रहिमन पानी राखिए, बिनु पानी सब सून।
पानी गए न ऊबरै, मोती, मानुष, चून।।
चित्रकूट में रमि रहे, रहिमन अवध-नरेस।
जा पर बिपदा पड़त है, सो आवत यह देस॥
i. प्रस्तुत पद्यांश में रहीम जी किसकी महत्ता का वर्णन कर रहे**?**
(क) पानी
(ख) मोती
(ग) मनुष्य
(घ) चूना
उत्तर: (क) पानी
ii. चित्रकूट कहां स्थित है**?**
(क) अयोध्या
(ख) मथुरा
(ग) काशी
(घ) इनमें से कोई नहीं
उत्तर: (घ) इनमें से कोई नहीं

iii. प्रस्तुत पद्यांश में “रमि” शब्द का क्या अर्थ है**?**
(क) अच्छा लगना
(ख) मन को लुभाना
(ग) श्री राम
(घ) श्री कृष्ण
उत्तर**:** (ग) श्री राम
iv. नरेश किसका पर्यायवाची है**?**
(क) इंद्र की
(ख) राजा की
(ग) भगवान राम की
(घ) भगवान शिव की
उत्तर**:** (ख) राजा की